हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 19 अप्रैल 2026

06 पुण्यतिथि पर सेवा का संकल्पः अस्पताल में मरीजों को...



09 सुठालिया में जल्द बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम...





## खबर संक्षेप

### कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 11वीं प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**सीहोर** ।कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर द्वारा सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं (हिंदी माध्यम) में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया की घोषणा कर दी गई है । प्रवेश के इच्छुक जनजातीय छात्राओं के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन प्रक्रिया 18 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगी । निर्धारित तिथि के भीतर ही सभी आवेदनों को जमा करना अनिवार्य होगा । आवेदन पत्र में छात्रा से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ जैसे नाम, माता-पिता/अभिभावक का नाम, जन्मतिथि, जाति (प्रमाण पत्र सहित), वर्तमान विद्यालय, पता, पारिवारिक आय, आधार नंबर तथा समग्र आईडी आदि भरना अनिवार्य है । इसके साथ ही अभिभावकों का मोबाइल नंबर भी आधार से लिंक होना चाहिए। आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा इसे विद्यालय से सीधे भी प्राप्त किया जा सकता है ।

### कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षा के आवेदन प्रारंभ

**सीहोर**। शासन के निर्देशानुसार माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की द्वितीय अवसर हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी और 25 मई को समाप्त होगी। मुख्य परीक्षा में जो विद्यार्थी किसी कारणवश उत्तीर्ण नही हो पाये हैं, वे द्वितीय अवसर की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले पात्र छात्र एमपी ऑनलाइन के कियोस्क पर 15 अप्रैल से 22 अप्रैल तक मुख्य परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय अनुक्रमांको की जानकारी देकर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर आवेदन कर सकते हैं।

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 19 को

**सीहोर**। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 129 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। प्रवेश के लिए ऑफलाईन प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.00 बजे से 1.00 तक सीहोर के माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी। सीहोर जिले के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर ही निर्धारित किया गया है।

### आक्रोशित होकर समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में थाने पहुंचे, शादियों के सीजन में माता मंदिर नहीं पहुंच पाते लोग

# डोहर समाज की चेतावनी, मंदिर के लिए रास्ता नहीं मिला तो अपना लेंगे बौद्ध धर्म

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है, जिसमें माता पूजन की अनिवार्य परंपरा होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के वार्ड नंबर 14 स्थित डोहर मोहल्ले में उस समय हडक़ंप मच गया, जब अपनी कुलदेवी के मंदिर का रास्ता रोके जाने से नाराज सैकड़ों लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि डोहर समाज ने दो टूक शब्दों में सामूहिक धर्म परिवर्तन करने और बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की चेतावनी दे डाली। मामला बएऩ्ता देख पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और रात में ही रास्ते से निर्माण सामग्री हटवाकर मार्ग बहाल कराया।

जानकारी के अनुसार विवाद की मुख्य जड़ मंदिर के प्रवेश द्वार पर डाली गई निर्माण सामग्री बनी। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है, जिसमें माता पूजन की अनिवार्य परंपरा होती है। आरोप है कि कुछ रसूखदार लोगों ने जानबूझकर मंदिर के मुख्य मार्ग पर गिट्टी और



निर्माण सामग्री डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। जब श्रद्धालु वहां पहुंचे तो उन्हें मंदिर जाने से रोका गया और पूजा में व्यवधान डाला गया। इसी बात से आक्रोशित होकर समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में थाने पहुंचे।

#### पुलिस ने तुरंत हटवाई निर्माण सामग्री

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीएसपी अभिनंदना शर्मा तुरंत सक्रिय हुईं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि ऋतिक और राकेश राठौर नामक व्यक्तियों द्वारा अपने मकान निर्माण के लिए सडक़ पर गिट्टी डलवाई गई थी, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया था। पुलिस ने रात में ही जेसीबी और मजदूरों की मदद से गिट्टी हटवाकर रास्ता साफ कराया। सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है। फिलहाल मौके से अवरोध हटा दिया गया है और रास्ता साफ है। विवाद को स्थाई रूप से सुलझाने के लिए राजस्व विभाग की मदद से सीमांकन कराया जाएगा।

#### बौद्ध धर्म अपनाने की कही बात

थाने के बाहर प्रदर्शन करते हुए डोहर समाज के लोगों ने प्रशासन को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि उनके मंदिर के रास्ते को स्थाई रूप से अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया और उन्हें प्रताड़ित करना बंद नहीं हुआ तो पूरा समाज हिंदू धर्म त्याग कर बौद्ध धर्म अपना लेगा। साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि उस स्थान पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## इश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन के दो दिवसीय महासम्मेलन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने जताई चिंता

**सीहोर**। शनिवार को ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन भोपाल डिवीजन का वार्षिक दो दिवसीय महासम्मेलन का शुभारंभ यशराज मैरिज गार्डन में हुआ। राष्ट्रीय सम्मेलन के उपलक्ष में कर्मचारियों ने एलआईसी कार्यालय से भोपाल नाका इंग्लिशपुरा रोड कोतवाली चौराहा लीसा टाकिज चौराहा तहसील चौराहा से शकर फेक्ट्री रोड से होकर होते हुए वाहन रैली निकाली। राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन महासचिव सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू)के प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान के द्वारा किया गया। महासम्मेलन में मुख्य अतिथि रूप में अखिल भारतीय महासचिव श्रीकांत मिश्रा और ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज महापात्रा,संयुक्त सचिव पूषण भटटाचार्य,महा सचिव संजय मिश्रा सम्मिलित हुए।

#### बीमा कानून संशोधन विधेयक का करेंगे विरोध

पत्रकार वार्ता में इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन सचिव विजय कुमार यूनियन अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद साथी राकेश राठौर सुरेंद्र यादव लक्ष्मी नारायण राकेश शर्मा आदिति जैन प्रमिला शास्त्री हेमलता वशिष्ठ राजीव कुमार गुप्ता उमेश कुशवाहा बहादुर कुशल भारती राकेश राठौर उपस्थित रहे। ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन भोपाल डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लॉइज यूनियन के पदाधिकारियों ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बीमा उद्योग के संबंध में भारत सरकार ने एक 'बीमा कानून संशोधन विधेयक पारित किया है, जिसे सबकी बीमा सबकी रक्षा बिल कहा जा रहा है। इसके तहत बीमा उद्योग में सौ प्रतिशत विदेशी




पूंजी को न्योता देने के लिए कानून बनाया गया है। यह महासम्मेलन इस विधेयक के खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित करने जा रहा है। वर्तमान में शेयर बाजार में जो हलचल है, विशेषकर पश्चिम एशिया के युद्ध के कारण जो उथल-पुथल मची है, उसके बावजूद बीमा उद्योग पर कोई असर नहीं है। लेकिन इस के बाद फिर से शेयर बेचने की जो कोशिश हो रही है,हम उसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। भारत सरकार ने 44 श्रम कानूनों को खत्म करते हुए जो चार लेबर कोड अधिसूचित किए हैं,उनके खिलाफ हम पहले ही दो एक-दिवसीय हड़ताल कर चुके हैं। यदि सरकार इन्हें वापस नहीं लेती है, तो भविष्य में होने वाले व्यापक जन-आंदोलन में हम शामिल होंगे।

#### एनआईसी में अविलंब भर्तियां की जाएगी

चौथा महत्वपूर्ण विषय यह है कि 2020 के बाद से एक भी क्लास-& कर्मचारी की बहाली नहीं हुई है। एक तरफ द्वारा बेची जाने वाली पॉलिसियों की संख्या बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों की संख्या घटती जा रही है। क्लास-& और क्लास-4 संवर्ग में अविलंब भर्तियां की जाएगी।

इस सम्मेलन में इन सभी गंभीर मुद्दों पर विमर्श हुआ हैं भारतीय जीवन बीमा निगम के निजीकरण की राह पर सरकार जो कदम बढ़ा रही है, उन्हें वापस लिया जाना चाहिए। देश की जनता की घरेलू बचत पर निजी देशी-विदेशी पूंजी का नियंत्रण देने की कोशिश की जा रही है। एक तरफ प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत का नारा दे रहे हैं, लेकिन देश की जैसी संस्था को निजी हाथों में सौंपेंगे और इसकी परिसंपत्तियों पर से सरकार का नियंत्रण हटाकर विदेशी पूंजी के हवाले करेंगे, तो यह कैसी आत्मनिर्भरता होगी।

#### जनता के संसाधनों की बिक्री बंद हो

हमारी मांग है कि बीमा संशोधनों के जरिए सौ प्रतिशत का निर्णय वापस हो। देश के शेयरों की अतिरिक्त बिक्री रोकी जाए। नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई से बने कोल इंडिया, एयर इंडिया और हवाई अड्डों जैसे संसाधनों की बिक्री बंद हो, जो जनता की गाढ़ी कमाई से बने हैं। आज सबका साथ, सबका विकास के बजाय केवल गिने-चुने कॉरपोरेट्स का विकास हो रहा है और गरीब मेहनतकश जनता का विनाश हो रहा है। यही कारण है कि पानीपत, मानेसर और नोएडा में मजदूर सड़कों पर हैं। सिंगरौली में अडानी प्लांट की दुघऱ्टना को दबाने की कोशिश और छत्तीसगढ़ में वेदांता प्लांट के बॉयलर हादसे में 20 मजदूरों की मौत यह दर्शाते है।

## थाना गोपालपुर पुलिस की कार्रवाईः 7 भैंसें बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच थाना गोपालपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पशु चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की गई 7 भैंसों को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी अभी फरार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, फरियादी लतीफ खां निवासी निमोटा ने थाना गोपालपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके खेत से अज्ञात चोर 7 भैंसें चोरी कर ले गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अपराध क्रमांक 75/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में थाना गोपालपुर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी



आजाद पिता लियाकत अली निवासी महागांव कदीम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अरबाज पिता शरीफ निवासी महागांव हाल खातेगांव के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई 7 भैंसें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 3 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे उपजेल भैरूंदा भेज दिया गया है। वहीं फरार आरोपी अरबाज अली की पुलिस तलाश कर रही है।

### पिता-पुत्र के विवाद ने लिया खतरनाक रूप, पूरे क्षेत्र में फैल गई दहशत

# बेटे ने की पिता की पीट-पीटकर हत्याः रोते हुए बोली मां- बेटा लंबे समय से कर रहा था परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के गंज क्षेत्र के कोली मोहल्ले में शुक्रवार रात बेटे ने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

#### पिता-पुत्र के विवाद ने लिया खतरनाक रूप

कोली मोहल्ले में गंज निवासी सोनू शाक्य का अपने पिता सुभाष शाक्य से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि सोनू शाक्य ने अपने पिता पर हमला कर दिया और उनकी जमकर पिटाई की। इस हमले में सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजन और आसपास के लोगों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

#### पिता के टोकने पर भड़क जाता था बेटा

मां के अनुसार, यदि पिता उसके देर से घर आने या किसी बात पर सवाल करते थे, तो वह भड़क जाता था। उन्होंने कहा कि पिता को बेटे से सवाल पूछने का पूरा अधिकार था, लेकिन वह हर बार विवाद खड़ा कर देता था। इस घटना के बाद पूरे कोली मोहल्ले में सन्नाटा और दहशत का माहौल है। लोग इस बात से हैरान हैं कि एक बेटे ने अपने ही पिता की जान ले ली।

**पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार** :घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे सोनू शाक्य को हिरासत में ले लिया। फिलहाल आरोपी से थाने में पूछताछ की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विवाद किस कारण से शुरू हुआ था। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के लोगों के बयान भी लिए जा रहे हैं, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**मां का दर्दः 10 साल से कर रहा था परेशानः**

मृतक की पत्नी कृष्णा बाई ने बताया कि उनका बेटा लंबे समय से परिवार को परेशान कर रहा था। उन्होंने कहा कि वह करीब 10 साल से घर में विवाद करता आ रहा है और अक्सर झगड़ा करता रहता था। उनका बेटा छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता था और हमेशा लड़ाई के लिए तैयार रहता था। उन्होंने कहा कि घर में अक्सर तनाव का माहौल बना रहता था।

IES PUBLIC SCHOOL BHOPAL
IES PUBLIC SCHOOL
BHOPAL & SEHORE
(Affiliated to CBSE, New Delhi)
Heartiest Congratulations
CBSE X BOARD (2025-26)
Follow your dreams and Succeed at IES!



Namrta Saxena
98.2% Perfect Score Maths : 100

Swayam Khandelwal 97.6%
Prakhar Dubey 97%
Akshat Panwar 97%
Puranjay Parashar 96.8%
Inakshi Gupta 96.%
Kanishka Gupta 95%
Siddharth Tiwari 94.8%
Dev Rawal 94.2%
Sambhavi Singh 93.8%
Sakshi Singh Sikarwar 93.6.%

ADMISSION OPEN
Nursery to Class IX & XI
Near ITC Chaupal Sagar, Bhopal-Indore Highway, Sehore
Call : 8821013007, 9522269938

**खबर संक्षेप**

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अभिषेक महाआरती कल

**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में जगत पालक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव श्रद्धा, विश्वास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जायेगा। आयोजन की मीडिया प्रभारी पंडित सुनील शर्मा व प्रियांशु दीक्षित ने बताया की खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण समाज धर्मशाला में 20 अप्रैल सोमवार को आचार्य गणों के द्वारा वेद मंत्र उच्चारित कर सुबह 8 बजे से भगवान परशुरामजी का अभिषेक प्रारंभ किया जाएगा और सुबह 10 बजे शंखनाद के साथ महाआरती का आयोजन होगा। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ,धर्मशाला अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा,चल समारोह अध्यक्ष पं. राजेश मोहन शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुदीप व्यास,ग्रामीण अध्यक्ष पं. महेश दुबे, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया, युवा संघठन अध्यक्ष पं. रजत व्यास,चल समारोह युवा अध्यक्ष पं. तनिश त्यागी, रुपेश तिवारी,महिला मंडल अध्यक्ष उमा शुक्ला, चल समारोह महिला उपाध्यक्ष शिल्पी तिवारी ने सभी विप्र बंधुओ से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने बनाई गई समिति सदस्यों को बैठक में नहीं बुलाया गया

# योजना की समिति पर छिड़ा विवादः अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बाहर, पारदर्शिता और जवाबदेही पर उठ रहे सवाल

### जनपद पंचायत भैरूंदा में समिति गठन पर बवाल, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से राजनीतिक और प्रशासनिक तकरार तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 19 अप्रैल रविवार को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन से पहले ही जनपद पंचायत भैरूंदा में बड़ा प्रशासनिक विवाद खड़ा हो गया है। योजना के संचालन और रूपरेखा तय करने के लिए गठित समिति से जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बाहर रखे जाने से न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी गंभीर बहस छिड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बनाई गई समिति में पांच अशासकीय सदस्यों को शामिल किया गया, लेकिन जनपद पंचायत के शीर्ष निर्वाचित पदाधिकारियों-अध्यक्ष और उपाध्यक्ष-को न तो समिति में स्थान दिया गया और न ही उन्हें बैठक की सूचना दी गई। हैरानी की बात यह है कि समिति की बैठक आयोजित कर योजना की पूरी रूपरेखा भी तय कर ली गई, जबकि संबंधित जनप्रतिनिधि इस प्रक्रिया से पूरी तरह अनजान रहे।




इस घटनाक्रम से नाराज जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजूअवध पटेल और उपाध्यक्ष रूपाली श्रवण व्यास ने खुलकर विरोध जताया। दोनों ने आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर समिति गठन से दूर रखा गया, जो उनके संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों का सीधा अपमान है। उनका कहना है कि जब निर्णय प्रक्रिया से ही निर्वाचित प्रतिनिधियों को बाहर कर दिया जाएगा, तो उनके पद का औचित्य ही समाप्त हो जाता है। अध्यक्ष मंजूअवध पटेल ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि योजना की रूपरेखा तय करने जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्य होती है। उन्हें दरकिनार करना न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही भी प्रभावित होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर एकतरफा निर्णय लेकर जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं, उपाध्यक्ष रूपाली श्रवण व्यास ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि यदि उन्हें इस प्रकार जिम्मेदारियों से दूर रखा जाना है, तो ऐसे पद पर बने रहने का कोई अर्थ नहीं रह जाता। उन्होंने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए इसे सुनियोजित अनदेखी बताया और चेतावनी दी कि वे इस मामले की शिकायत केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से करेंगी।

स्थानीय स्तर पर भी इस पूरे मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। आमजन का मानना है कि यदि योजनाओं के क्रियान्वयन से ही निर्वाचित प्रतिनिधियों को दूर रखा जाएगा, तो जमीनी स्तर पर उनकी प्रभावशीलता कैसे सुनिश्चित होगी। समिति में अशासकीय सदस्यों को प्राथमिकता देना और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करना प्रशासनिक संतुलन पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

इस मामले में जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल ने सफाई देते हुए कहा कि समिति का गठन जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप किया गया है। उनके अनुसार कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त सूची के आधार पर ही समिति बनाई गई, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम शामिल नहीं थे।

## पुण्यतिथि पर सेवा का संकल्पः अस्पताल में मरीजों को खिचड़ी का वितरण किया



**भैरूंदा।** सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक उदाहरण शनिवार को नगर में देखने को मिला, जब सिद्धपुर सेवा भारती, जिला सीहोर के तत्वाधान में सिविल अस्पताल भैरूंदा में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए खिचड़ी वितरण किया गया। यह सेवा कार्य योगेंद्र मिश्रा के पूज्य पिताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत फोटो चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। इसके पश्चात अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को सादगीपूर्ण वातावरण में खिचड़ी वितरित की गई। सेवा कार्य के दौरान कार्यकर्ताओं ने मरीजों का हालचाल भी जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

इस अवसर पर सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, सचिव राकेश वर्मा, सह सचिव डॉ. श्रीश व्यास सहित सेवाभावी कार्यकर्ता, अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टाफ तथा सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। सेवा भारती के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहयोग पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पीपलनेरिया में आज से पंचकुंड राम महायज्ञ

भैरूंदा। नर्मदा के उत्तर तट पर बसे ग्राम पीपलनेरिया में 19 अप्रैल से पंचकुंडात्मक राम महायज्ञ होगा। आयोजन अक्षयधाम में होगा। महायज्ञ 24वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आयोजन त्यागीजी महाराज की स्मृति में रखा गया है। क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना भी रहेगी। महायज्ञ की शुरुआत रविवार 19 अप्रैल को होगी। समापन 25 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ होगा। 19 अप्रैल को रामायण पारायण होगा। सर्व प्रायश्चित होगा। दशविध स्नान होगा। गणेश पूजन होगा। अग्नि स्थापना होगी। 20 अप्रैल सोमवार को राम परिवार मूर्ति स्थापना दिवसोत्सव होगा। 23 अप्रैल गुरुवार को पूर्णाहुति होम होगा। भव्य महाआरती होगी। महाप्रसादी भंडारा होगा।

## योगिता परमार बनी सीईओ बढ़ाया सीहोर का मान



**सीहोर।** झागरिया रोड ब्रह्मपुरी कॉलोनी निवासी नारायण परमार की सुपुत्री योगिता परमार द्वारा एमपीपीएससी 2023 में परीक्षा उत्तीर्ण कर इनका चयन सीइओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुना में हुआ है। सुश्री परमार द्वारा पदभार ग्रहण करने पर नगर वासियों में अपार प्रशंता है। नगर वासियों सहित अनेकों जनप्रतिनिधिगणजनों ने उनको तथा उनके पिता नारायण सिंह परमार, माता उमा परमार को भी बधाई दी गई है।

बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी राकेश राय पूर्व नपाध्यक्ष, कैलाश परमार पूर्व नपाध्यक्ष आष्टा, बविता परमार नपाध्यक्ष शुजालपुर, राजीव गुजराती अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, सीहोर, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, कार्यवाहक अध्यक्ष नईम नवाब, नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति कल्याण परिषद म.प्र., डॉ.अनीस खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव, विवेक राठौर पार्षद नेता प्रतिपक्ष, अर्चना परमार पार्षद भोपाल, जिला पंचायत सदस्य अवंतिका सुनील फरेला, अर्जुन सिंह परमार पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मेघा परमार, पूर्व पार्षद रंजीत वर्मा, पूर्व पार्षद आरती खंगराले, डॉ.देवनारायण परमार, गजेन्द्र सिसोदिया आदि शामिल हैं।

## आज गूंजेंगी शहनाइयांः 179 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, 21 निकाह भी संपन्न होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत आज रविवार, 19 अप्रैल को नगर के दशहरा मैदान स्थित सांदीपनी विद्यालय परिसर में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस सम्मेलन में कुल 200 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया जाएगा, जिसमें 179 जोड़े वैदिक रीति-रिवाज से विवाह बंधन में बंधेंगे, जबकि 21 जोड़ों का निकाह कराया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामूहिक विवाह सम्मेलन सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



**नपा अध्यक्ष व सीईओ ने किया स्थल का निरीक्षण :** कार्यक्रम से पूर्व शुक्रवार शाम को नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी आयोजन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह का संपूर्ण खर्च शासन द्वारा वहन किया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल विवाह आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनने का भी एक प्रयास है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं जिले सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है, जिससे आयोजन और भी गरिमामय होने की उम्मीद है।

## दी ऑक्सफोर्ड स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय दी ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल, सीहोर में कक्षा यूकेजी से पहली कक्षा में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. करण सोनी, चिकित्सा अधिकारी, शास. चिकित्सालय देवास, विशिष्ट अतिथि जुगल किशोर पटेल, वरिष्ठ पत्रकार, संस्था अध्यक्ष जॉली कुरियन एवं प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन द्वारा किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य, गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. करण सोनी एवं एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ओर उन्हें सफलता का आशीष दिया।कक्षा यूकेजी के बच्चों को कैप, गाउन पहनाकर मुख्य अतिथिगण द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने कैप को हवा में उछालकर खुशी जाहिर की।उक्त कार्यक्रम में अभिभावकगण भी एवं समस्त विद्यालय परिवार शामिल रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया द्वारा तथा स्कूल प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने यूकेजी के विधार्थियों को गेजुएशन सेरेमनी की बधाई देकर अपने स्वच्छ व्यक्तित्व के द्वारा अपने लक्ष्य प्राप्त करने को कहकर आभार व्यक्त किया।




**विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई**

## परीक्षा केंद्र पर असमंजस कॉलेज के छात्र चिंतित




**बुधनी।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के सामने परीक्षा केंद्र को लेकर एक बार फिर असमंजस की स्थिति बन गई है। 24 अप्रैल से विभिन्न संकायों की परीक्षाएं प्रस्तावित हैं, लेकिन अब तक परीक्षा केंद्र को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

महाविद्यालय में अध्ययनरत करीब 92 विद्यार्थी (बीए, बीकॉम, बीएससी) इस अनिश्चितता के कारण चिंता में हैं पिछले तीन वर्षों से कॉलेज का परीक्षा केंद्र नर्मदापुरम स्थित एनएमवी महाविद्यालय निर्धारित किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए बाहर जाना पड़ता है और आवागमन सहित कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय प्रभारी रंजीता तेकाम ने बताया कि 14 अप्रैल को नर्मदापुरम केंद्र बनाए जाने की सूचना मिली थी, इसके बाद 16 अप्रैल को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखकर बुधनी में ही परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग की गई है, ताकि विद्यार्थियों को सुविधा मिल सके।

फिलहाल इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है ऐसे में छात्र-छात्राएं असमंजस की स्थिति में हैं और अब विश्वविद्यालय के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं।

## श्रीराम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि मानवता के लिए मार्गदर्शकः महंत उद्धवदास महराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी स्थित परिसर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिवस महंत उद्धवदास महाराज ने श्रीराम के वनवास, भ्रातृ प्रेम, माता-पिता के प्रति आज्ञाकारिता और प्रजा के प्रति कर्तव्य जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि श्रीराम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि मानवता के लिए मार्गदर्शक है। कथा के अंतिम दिवस भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन और प्रभु श्रीराम के जयघोष से वातावरण दिव्य और आस्थामय बना रहा। अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने की महत्ता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का साथ न छोड़ने की प्रेरणा देता है। सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर ही आदर्श समाज की स्थापना संभव है, इस संदेश ने उपस्थित श्रद्धालुओं के मन को गहराई से प्रभावित किया। हनुमान जी के सब ऋणी उन्होंने सबके संकट मिटाये लक्ष्मण सीता भरत सुग्रीव और राम भी, गोस्वामी तुलसीदास जी को भगवान के दर्शन कराएं और राम चरित मानस की रचना करवाई, जो दुःख मे भी मुस्कुरा दें वही श्रेष्ठ इंसान, जीवन मे सफल होना है तो बुजुर्गो का सम्मन करो उनके अनुभव से लाभ लेना चाहिए जवानी के जोश को वृद्धावस्था का होश मिलना जरुरी है, यश के पीछे मत भागो कर्म ऐसे करो कि यश आपके पीछे आए, रामायण जीवन जीने का सबसे अच्छा रास्ता समझाती है।



## सर्व धर्म हजरत दूल्हा बादशाह दरगाह उर्स 5 से 7 मई तक, चादर निकालेंगे

### हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल करेंगे शिरकत

**सीहोर।** सर्व धर्म हजरत दुल्हा बादशाह दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजनवान पठान एवं सीहोर उर्स कमेटी अध्यक्ष नोशाद खान द्वय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व धर्म एकता के साथ भव्य रूप से मनाये जाने वाले उर्स के पावन अवसर पर प्राचीन सर्व धर्म हजरत दुल्हा बादशाह की दरगाह, तहसील चौराहा स्टेशन रोड सीहोर में उर्स कमेटी के तत्वाधान में उर्स त्योहार आगामी 5 मई को सांय 4 बजे कोतवाली चौराहे से चादर निकाली जावेगी एवं सांय 6 बजे दरगाह पर पैश की जावेगी। रात्रि 9 बजे मिलाद शरीफ पेश की जावेगी। रात्रि 11 बजे दरगाकर परिसर में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया गया है। दिनांक 6 मई को शानदार कव्वाली का आयोजन रखा गया है, हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल सदिक तज, भोपाल, कव्वाल अंसार अली साबरी और फैज अली साबरी भोपाल शमा बान्धेगें एवं दिनांक 7 मई 2026 को भी विशाल कव्वाली का आयोजन रखा गया है, जिसमें हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल हलीम ताज जबलपुर एवं कासिम साबरी कव्वाल शिरकत करेगें। इस भव्य आयोजन में प्रदेश एवं शहर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि की विशेष उपस्थिति रहेगी। इस पावन अवसर पर सर्व धर्म हजरत दुल्हा बादशाह की दरगाह उर्स कमेटी द्वारा सभी से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।



**खबर संक्षेप**

### अभ्यर्थियों से किए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं। विदेश में उच्च शिक्षा, शोध उपाधि उपरान्त अध्ययन, पीएचडी एवं स्नातकोत्तर करने के लिए चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या 50 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट tribal.mp.gov.in पर उपलब्ध है। योजना अंतर्गत अभ्यार्थियों का चयन वर्तमान प्रचलित योजना के नियमों में प्रावधान अनुसार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर अथवा भोपाल स्थित जनजातीय कार्य आयुक्त के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### एमपी टास्क पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास और आश्रमों का MP TAASC मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2026-27 में जो विद्यार्थी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें, बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीयन के लिए वेबसाईट www.tribal.mp.gov.in पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण किया जा सकता है। विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है उस छात्रावास से निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त करें और पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ (जैसे-जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी समग्र आईडी, आधार नंबर, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची) छात्रावास में अधीक्षक के पास 30 जून 2026 तक जमा करा सकते है।

### दिव्यांगजनों की सेवा से बड़ा पुण्य का कोई और दूसरा कार्य नहीं, शिविर में 105 दिव्यांगों का किया पंजीयन

# कृत्रिम अंग व उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों के चेहरों पर दिख रही खुशी अनमोल है : विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

### शिविर लगाकर 85 दिव्यांगजनों को मौके पर प्रदान किए गए सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग,105 ने शिविर में कराया था पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीहोर के तत्वावधान में जनपद पंचायत आष्टा में दिव्यांग सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग परीक्षण /वितरण शिविर का आयोजन किया गया ।

उक्त शिविर विभाग द्वारा एसआर ट्रस्ट के सौजन्य से आष्टा में आयोजित किया गया था । शिविर को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की कृतिम अंग एवं उपकरण मिलने से आज हमारे दिव्यांगजनो के चेहरों पर दिख रही खुशी अनमोल है,इस खुशी का कोई मोल नही है,आज जो खुशी और जो सेवा की गई वो मन को संतुष्टि प्रदान करती है कि आज हमने,सबने कोई पुण्य का,सेवा का ऐसा कार्य किया है,जिससे किसी के चेहरे पर खुशी आई है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा जब में किसी भी दिव्यांग भाई बहन को देखता हूं तो मन द्रवित हो जाता है और हमेशा उनके कल्याण की,उनकी सेवा का भाव रहता है। शिविर में दिव्यांगजनों को कृतिम अंग,उपकरण मिलने के बाद जब उनके चेहरे देखे तो एक अलग ही तरह की खुशी हुई । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आज दिव्यांगजनो की ओर से कुछ मांगे की है,में इसके ठोस प्रयास करूंगा कि आपकी मांगे हल हो । विधायक ने कहा हमारी सरकार दिव्यांगजनो की समस्याओं को लेकर अति गम्भीर है । जो शिविर आष्टा में लगा वैसे जिले की सभी जनपदों में लग रहे है । विधायक ने बताया की वे प्रयास में है कि जल्द ही आष्टा में दिव्यांग शिविर लगे और सभी को मेडिकल टीम जांच कर उनेह प्रमाण पत्र वितरित करे । हमारी सरकार के प्रयास है की सभी क्षेत्रों में नोकरियो में आम नागरिकों की तरह आपको भी समान अवसर,विशेष सुविधाए मिले ।

आपका सभी सम्मान करें,सभी जगाह आपका सम्मान हो ये भी सुनिश्चित किया है । दिव्यांगजनो को अभी जो मानदेय मिल रहा है,उसे बढ़ाने के लिये में सरकार को पत्र लिखूंगा,आपमे से जिन्हें इलेक्ट्रिक सायकल की जरूरत है उनेह वो भी मिले इसके पूरे प्रयास कर रहा हु। शिविर को जनपद-नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान,रायसिंह मेवाडा,भाजपा नगर अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया ने भी संबोधित करते हुए कहा की दिव्यांगजनो की सेवा से बड़ा पुण्य का कोई और दूसरा कार्य नही हो सकता है । सरकार आपकी सेवा,आपकी समस्याओं के निराकरण के लिये प्रतिबंध है । कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष गजराज मेवाडा,सुशील संचेती, विष्णु परमार,जनपद,सामाजिक न्याय विभाग से महेन्द्र तिवारी,गोविंद शर्मा,राजेश शर्मा, श्रीमती अंकिता ठाकुर सहित डीडीआरसी के अधिकारी आदि विशेष रूप से उपस्तिथ रहे ।

आयोजित शिविर में आष्टा जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायत,नगर पालिका,नगर परिषद क्षेत्रों से आए हितग्राहियों एवं दिव्यांगजनों को मौके पर ही उनकी जांच कर उनके नाप अनुसार कृत्रिम अंग हाथ, पैर एवं कैलीपर्स बना कर उनेह लगाये गये । सभी दिव्यांगजन समाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से खुश एवं संतुष्ट है।

शिविर में उपस्थित हुए कुल 105 दिव्यांगजनो का पंजीयन हुए एवं 85 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,रायसिंह मेवाडा,सोनू गुणवान सहित सभी अतिथियों के हाथों वितरित कर उनका स्वागत सम्मान किया गया । शिविर में 11 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी प्रमाण पत्र भी जनरेट किए गए।

## अमरपुरा में बनने वाली धर्मशाला का विधायक ने किया भूमिपूजन, ग्राम में बनेगा भव्य प्रवेश द्वार, विधायक ने की घोषणा



**आष्टा ।** आष्टा विधायक गोपलसिंह इंजीनियर द्वारा लगातार ग्रामीणों की सुविधाओं के लिये विकास कार्यो की सौगातें दे रहे है । इसी कड़ी में ग्राम पंचायत अमरपुरा में विधायक गोपलसिंह इंजीनियर ने वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल,किसान मोर्चे के जिला अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ईलाही,योगेन्द्रसिंह ठाकुर, सिद्दीकगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया,सरपंच दयाराम जाट सहित सभी ग्रामीणजनों की उपस्तिथि में ग्राम अमरपुरा में बनने वाली धर्मशाला का विधि विधान से भूमिपूजन किया । स्मरण रहे ग्रामीणजनों की मांग पर विधायक गोपलसिंह इंजीनियर ने बनने वाली उक्त धर्मशाला के लिये 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की है । विधानसभा क्षेत्र के उक्त ग्राम अमरपुरा में सेंधव समाज धर्मशाला एवं मांगलिक भवन के भूमिपूजन के अवसर पर ग्रामीणों की मांग पर विधायक गोपलसिंह इंजीनियर ने ग्राम अमरपुरा के प्रवेश स्थल पर एक प्रवेश द्वार बनाने की भी घोषणा की । विधायक ने कहा की निश्चित उक्त बनने वाला यह भवन ग्रामवासियों के लिए ग्राम में होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों का केन्द्र बनेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्तिथ रहे ।

## राम राज्य की कल्पना को आज भी आदर्श माना जाता हैः यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे

### श्रीराम यज्ञ में दो दर्जन से अधिक विप्रजन देंगे आहुतियां



**सीहोर।** मानव, मर्यादा का पालन कर अन्याय के विरूद्ध लड़ सकता है, यही शिक्षा राम के चरित्र को सभी में उत्तम बनाती है। राम राज्य की कल्पना को आज भी आदर्श माना जाता है, राम राज्य और श्रीराम का राजधर्म पूर्णतः सत्य और धर्म पर आधारित है। उक्त विचार यज्ञ संचालक श्री-श्री पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने शहर के जयंती कालोनी में बालाजी सरकार श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में रविवार से होने वाले भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा में आए विप्रजनों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहाकि यह पल सीहोर शहर के इतिहास में पहली बार आने वाला है, जब राष्ट्रीय राम कथा व्यास मानस कोकिला महंत डॉ. प्रज्ञा भारती के द्वारा श्रीराम कथा और रात्रि को महाकाल मंडल रामलीला उज्जैन द्वारा प्रतिदिन मंचन किया जाएगा। लगातार सात दिनों तक भगवान की महिमा का महत्व बताया जाएगा।

इसके अलावा मानस सम्मेलन में प्राचीन श्री हंसदास मठ श्री हरिरामदास महाराज, त्यागी बाबा आश्रम के उद्धवदास महाराज अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री प्रदीप मिश्रा के अलावा शहर के अनेक कथा वाचकों के द्वारा यहां पर नियमित प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा, यज्ञचार्य पंडित दीपक शास्त्री आदि द्वारा किया जा रहा है। रविवार को दोपहर तीन बजे शहर के जगदीश मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हनुमान मंदिर स्थित यज्ञ शाला पहुंचेगी। इससे पहले पंचाग पूजन, मंडल प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रों एवं हनुमान चालीसा पाठ के अलावा अन्य दिव्य आयोजन किए जाऐंगे।

श्री-श्री 108 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने बताया कि मानस सम्मेल का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भगवान राम के कार्य में शहरी और ग्रामीण जन उपस्थित होकर धर्म लाभ ले। भगवान राम का अनुपम चरित्र प्रत्येक कालखंड में अनुकरणीय है। त्रेता युग में जन्मे राम की महिमा का गुणगान कलयुग में करने से राम भक्त भविष्य में आने वाली हर विघ्न-बाधा को सफलतापूर्वक पार कर लेते हैं।

मर्यादा में रहकर भवसागर से कैसे करना है, इसका उदाहरण राम चरित्र में मिलता है, फिर वह चाहें एक पुत्र की मर्यादा हो अथवा भाई की मर्यादा, पति की मर्यादा, क्षत्रिय धर्म की मर्यादा, मानवीय मूल्यों की मर्यादा, राजा की मर्यादा इत्यादि, सभी मर्यादाओं का पालन विषम परिस्थितियों में श्री राम जी ने कष्टों को सहते हुए किया। त्रेतायुग से लेकर कलियुग में आज भी श्री राम की मर्यादा सभी के लिए प्रासंगिक है।

### स्टेट हाईवे पर जल भराव का नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में सीएम राइस स्कूल के समीप स्टेट हाईवे पर जल भराव समस्या तीन वर्षों से है। नागरिक परेशान हैं तथा दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस स्थिति में भी स्थानीय प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की है। नागरिकों ने बताया कि बारिश के मौसम में चंद मिनिटों की बरसात होने पर हाईवे पर लगभग 100 मीटर लंबाई क्षेत्र में पानी जमा होने लगेगा। पानी भरा होने के कारण बाईकर्स हाईवे पर बने गड्ढों में बाइक सहित गिरते हैं। साइकिल से स्कूल आने जाने वाले विद्यार्थी भी पानी में गिर जाते हैं।

### पोषण व आहार विषय पर व्याख्यान माला आयोजित



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा एवं पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत जिले में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में भैरूंदा के शासकीय सांदीपनि स्कूल में पोषण एवं आहार विषय पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। इस दौरान जीव विज्ञान की शिक्षिका गीतिका चौरसिया ने बच्चों को आहार एवं पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से समझाया।

### फ्लड लाइट्स लगने अब खिलाड़ी रात्रि में भी अभ्यास कर सकेंगे

# बड़ी सौगात : डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान दूधिया रोशनी से होगा पूरी तरह से जगमग





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में नगरपालिका ने नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी खेल मैदान पर स्टेडियम फ्लड लाइट्स का भव्य शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा किया गया।

परिषद की एकजुटता से धरातल पर उतरी योजना - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा विगत माह विशेष प्रस्ताव लाया गया था। परिषद की बैठक में सभी पार्षदों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया, जिसके बाद द्रुत गति से फ्लड लाइट्स लगाने का कार्य पूर्ण हुआ।

नन्हे खिलाड़ियों के बीच हुआ शुभारंभ - कार्यक्रम का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा मुख्य बटन दबाकर किया गया। जैसे ही हाई-मास्ट लाइट्स की रोशनी से पूरा मैदान जगमगाया, वहां उपस्थित नन्हें-मुन्नें खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के चेहरे खिल उठे।

सभी ने एक स्वर में तालियां बजाकर नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने खिलाड़ियों को संबाबेधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य शहर की खेल प्रतिभाओं को हर संभव सुविधा प्रदान करना है। फ्लड लाइट्स लगने से अब खिलाड़ी दिन के साथ-साथ रात्रि में भी अभ्यास कर सकेंगे, जिससे उन्हें बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी।

यह सौगात नगर के भविष्य इन नन्हें खिलाड़ियों को समर्पित है। श्री मेवाड़ा ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ मैं स्वयं भी एक खिलाड़ी रह चुका हूं, खिलाड़ियों की सुख-सुविधाओं से भलीभांति परिचित हूं।

रात्रि कालीन खेलों को मिलेगा बढ़ावा - श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान पर फ्लड लाइट्स लगने से अब शहर में रात्रि कालीन क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। स्थानीय कोच और वरिष्ठ खिलाड़ियों ने नगरपालिका के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे खेल जगत के लिए एक मील का पत्थर भी बताया है।

शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद एवं ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रवि शर्मा, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, संयोजक मुकेश नामदेव, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती, कोच अमित बिल्लौरे, लखन साहू, बलवीरसिंह ठाकुर, रवि विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए दीप सिंह राठौर का अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा शहर के विनायक श्री गार्डन में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के गौरव और वरिष्ठ शिक्षाविद् दीप सिंह राठौर को उनकी उत्कृष्ट, समर्पित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक सेवाओं के लिए सम्मान पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समाज के महामंत्री डॉ. पुरन सिंह राठौर ने बताया कि दीप सिंह राठौर जी का व्यक्तित्व सागर सा गहरा और हिमालय जैसा ऊंचा है। उन्होंने अपने 34 वर्षों के लंबे सेवाकाल में शिक्षा की अलख जगाते हुए हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा है। डॉ. राठौर ने कहा कि दीप सिंह का प्राचार्य और व्याख्याता के रूप में कार्यकाल न केवल सराहनीय रहा, बल्कि आने वाली पीढ़ी के शिक्षकों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण भी है।

**34 वर्षों का शानदार शैक्षणिक सफर :** 1992-1997ः शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलकिसगंज में सेवा दी। 1998-2016ः तिलक पार्क कस्बा में लंबे समय तक व्याख्याता रहे। 2016-2022ः इछावर के गोलूखेड़ी और संग्रामपुर हाईस्कूल में प्राचार्य के रूप में नेतृत्व किया। 2022 से सेवानिवृत्ति तकः उन्होंने सीएम राइज स्कूल में प्राचार्य पद की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने पर समस्त राठौर समाज ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। समारोह में अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष प्रमोद राठौर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, राजकुमार, देवेंद्र, दीपेश व प्रेमनारायण राठौर सहित प्रवक्ता संजय राठौर, अजय राठौर, मुकेश मुलीमए सुनील राठौर और अशोक राठौर उपस्थित रहे। साथ ही महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता राठौर, युवा संगठन अध्यक्ष भानू राठौर, विधि प्रकोष्ठ से प्रदीप राठौर, चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉ. दिलीप राठौर और शिक्षा प्रकोष्ठ से रितेश राठौर सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।